मासिक समाचार पत्र-इंदौर, अहमदाबाद, पुणे से एक साथ प्रकाशित संस्करण
वर्ष-1 :: अंक-10 :: मूल्य-5.00 रु.
हमारा संकल्प सेवा और समर्पण
# हूमड़ वाणी
अंतर्राष्ट्रीय संगठन का दर्पण
शनिवार, 21 जून 2025 | फेडरेशन ऑफ हूमड़ जैन समाज का मुख पत्र | धर्म के लिए जिएं, समाज के लिए जिएं, ये धड़कनें, ये श्वांस हो हूमड़ समाज के लिए

## नवकार

नवकार मंत्र हमें ईश्वर भक्ति में लीन होने, विनम्रता से अपने अहंकार को नष्ट करने तथा सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान, सम्यक चारित्र से अपनी आत्मा को जागृत करने की शिक्षा प्रदान करता है। पंच परमेश्वरों को नमस्कार करने की प्रक्रिया इसमें है। जगत में यह एक ऐसा मंत्र है, जो किसी धर्म विशेष का न होकर सब धर्मावलम्बी व्यक्तियों के लिए समान रूप से उपास्य है। कोई भी व्यक्ति इस महामंत्र का स्मरण गुणगान कर सकता है। आध्यात्मिक साधना का प्रारंभ इस नमस्कार मंत्र में निहित भावना से होता है। इसकी आराधना से मंगल भाव जागृत करना चाहिए। **-यशपाल जुवा**

## मनस्वी पतंगिया ब्रांड एम्बेसेडर घोषित

**इंदौर।** हूमड़ समाज, इंदौर ने अत्यंत गर्व और सम्मान का क्षण अनुभव किया, जब कक्षा 9 की छात्रा कु. मनस्वी पतंगिया पुत्री श्रीमती नेहाली-श्री प्रितेश पतंगिया को ऊर्जा स्वराज फाउंडेशन द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित 'फिनाइट अर्थ मूवमेंट (FEM)' के वैश्विक वर्चुअल लॉन्च में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। उन्हें फाउंडेशन की ब्रांड एम्बेसडर भी घोषित किया गया, जिससे वह इस शक्तिशाली स्वच्छ ऊर्जा आंदोलन का वैश्विक युवा चेहरा बन गईं। ऊर्जा स्वराज फाउंडेशन सौर ऊर्जा और सतत जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए जाना जाता है।

# चलो शिखरजी बीस तिर्थंकरों की निर्वाण स्थली सम्मेद शिखर जी की वन्दना करने

फेडरेशन ऑफ हूमड़ जैन समाज अंतरराष्ट्रीय संगठन द्वारा आप सबके सहयोग व संबल से 1008 गुणों से परिपूर्ण बीस तिर्थंकरों की निर्वाण स्थली सम्मेद शिखर जी की वन्दना के लिए 1008 हूमड़ यात्रीयों के साथ यात्रा का संकल्प किया है । यात्रा को सुगम, व आनन्द दायक बनाने के लिए प्रत्येक प्रोविंस के अध्यक्ष व मंत्री की अनुशंसा पर प्रत्येक प्रोविंस से कर्मठ सदस्यों के एक दल को संयोजक व सह संयोजक नियुक्त किए हैं ।

यात्रा का मुख्य सूत्रधार तो प्रत्येक हूमड़ जन है। आपके सहयोग के लिए अध्यक्ष, मंत्री, संयोजक एवं सह संयोजकों को जवाब दारी दी है । ऐसे में प्रत्येक अध्यक्ष, मंत्री, संयोजक, सह संयोजक व प्रत्येक हूमड़ जन का दायित्व है कि यात्रा संबंधी जो भी सूचना आप तक पहुचे। उस सुचना को तुरंत अपने ग्रूप के माध्यम से जन जन तक पहुंचाने में सहयोग कर पुण्यार्जन करें। यात्रा 13 से 19 सितंबर की है ।



यात्रा सहयोग राशि स्लीपर क्लास 9500/-, एसी 3 हेतु 11500/-एवं एसी 2 हेतु 13500/- रखी है । इसमें से रु2000/- फेडरेशन की ओर से छुट प्रदान की जाना प्रस्तावित है । यात्रियों को तदानुसार रु 7500/-, 9500/-, एवं 11500/- मात्र देना है।

अधिक जानकारी के लिए अपने नजदिक के पदाधिकारी से संपर्क करें- केन्द्रीय संयोजकद्वय राजकुमार बंडी 76930 37753, विजय तलाटी 9630000630 अथवा विपिन गांधी (राष्ट्रीय अध्यक्ष) महेन्द्र बंडी (महामंत्री)।

# शिखरजी यात्रा के संदर्भ में राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा राजस्थान दौरा





फेडरेशन ऑफ हूमड जैन समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विपिन गांधी ने अपने 9 जुन के एक दिवसीय दौरे में विभिन्न नगरो व गांवों में भ्रमण कर 1008 गुणों से युक्त बीस तिर्थंकरों की निर्वाण स्थली तिर्थ राज पर 1008 हूमड़ जन के साथ दिनांक 13 सितम्बर को होने वाली यात्रा का प्रचार प्रसार किया व विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की । समाज जनों ने भाव भीना अभिनन्दन किया।

महिला प्रकोष्ठ की राजस्थान प्रोविंस की अध्यक्ष डाक्टर निधि सेठ के आग्रह पर फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विपिन गांधी कुशलगढ़ पहुंचे।

फेडरेशन की विभिन्न गतिविधियों की चर्चा के साथ दिनांक 13 सितम्बर से फेडरेशन के तत्वावधान में 1008 यात्रियों के साथ होने वाली यात्रा की प्रचार सामग्री समाज के सेठ श्रीमान जयन्ति लाल जी सेठ, को श्री पंकज सेठ, श्री निर्मल जी धीरावत, श्री शिरीष जी पंचोली, श्री पिन्टू पंचोली, के अलावा श्री सेठ हंसमुख जी व श्री मनोज सेठ के सम्मुख विमोचन कर सबसे आने का विनम्र अनुरोध किया । सभी समाज श्रेष्ठियों ने यात्रा की सफलता की कामना करते कुशलगढ़ समाज की और से तन-मन-धन से सहयोग के लिए आशीर्वाद प्रदान किया ।

# उदयपुर में मानवता को समर्पित चिकित्सक स्वागत समारोह



**उदयपुर।** श्री दिगंबर जैन दशा हूमड़ समाज, उदयपुर द्वारा मानवता को समर्पित चिकित्सक स्वागत समारोह में फेडरेशन आफ हूमड जैन समाज (अंतरराष्ट्रीय संगठन) के अध्यक्ष विपिन जी गांधी को मुख्य अतिथि के अतिथि के पद पर आसिन किया गया। अध्यक्ष रमेश जी शाह ने श्री गांधी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपने समाज को नई ऊर्जा प्रदान की । श्री गांधी ने अपनी चीर परिचित शैली में समारोह में उपस्थित सभी गणमान्य महानुभावों का सम्मान व्यक्त करते हुए । चिकित्सकों की समाज में महत्वपूर्ण भुमिका की प्रशंसा की । स्वंय ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा मैंने भी चिकित्सक बनने का विफल सपना देखा था । किन्तु मानव सेवा का जज्बा आज भी कायम है । लोगों की सहायता से जरुरतमंदों को चिकित्सा सहायता प्रदान करना, रक्त दान हेतु प्रोत्साहित करना जारी है। मरणोपरांत देह दान, चर्म दान और देह दान करवाना । इसके साथ ही फेडरेशन फेडरेशन की विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए आज चिकित्सा सहायता के लिए बड़े कोष के निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया। दिनांक 13 सितम्बर 2025 से 19 सितम्बर के मध्य फेडरेशन के तत्वावधान में होने वाली 1008 यात्रियों के साथ चलने का आह्वान किया । स्वंय आवें ओरों को यात्रा हेतु पुण्य संचय करने का अनुपम अवसर है। अक्टोबर माह में हूमड़ देवी कुलायतन स्थापना समोरोह के साथ समाज उन्नयन के विभिन्न पहलुओं का जीक्र किया।





## 1008 हूमड़ यात्रियों का संघ जाना है अबकी बार सम्मेद शिखर यात्रा हूमड़ जन के साथ

**इंदौर।** दिनांक 13 सितम्बर से दिनांक 19 सितम्बर 25 को होने वाली यात्रा को सुगम व आनन्द पूर्वक बनानें हेतु एक दल व्यवस्थाओं का पूर्व आकलन करने एवं समुचित व्यवस्था हेतु अध्यक्ष श्री विपिन जी गांधी के सानिध्य में सम्मेद शिखर, मधुवन गये। आवास व्यवस्था, बस व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, धार्मिक गतिविधियों आदि सभी व्यवस्था हेतु श्री विपिन गांधी (राष्ट्रीय अध्यक्ष), महेन्द्र बंडी (राष्ट्रीय मंत्री), श्री विजय तलाटी (यात्रा संयोजक), श्री रजनीकांत जी गांधी के अतिरिक्त महाराष्ट्र से डा. श्रेणीक शाह, श्री मिहिर गांधी, श्री संदेश गांधी, श्री वीर कुमार शाह, श्री नमन गांधी श्री हितेश दोशी एवं अन्य हूमड़ जनों ने यात्रा पूर्व दौरा सम्पन्न किया।



# महाराष्ट्र राज्य सरकार ने जैन आर्थिक विकास महामंडल की स्थापना की

**सोलापुर।** महाराष्ट्र राज्य सरकार ने जैन समाज के सर्वांगीण विकास के लिए जैन आर्थिक विकास महामंडल की नई स्थापना की है। इस महामंडल के प्रथम अध्यक्ष राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त ललितभाई गांधी सोलापुर हैं। ललितभाई राज्य के 36 जिलों में महामंडल के कार्यालयों का संचालन कर रहे हैं तथा हाल ही में सोलापुर में 21वें कार्यालय का उद्घाटन किया।

जैन महामंडल निश्चित रूप से समाज के आर्थिक, धार्मिक तथा अन्य विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह महामंडल समाज के 30 प्रतिशत पिछड़े वर्ग को मुख्यधारा में लाने में मदद करेगा तथा विधवाओं, निराश्रित महिलाओं, विद्यार्थियों, शिक्षित युवक-युवतियों, व्यापारियों को कम ब्याज दर पर गृहस्थी, सूक्ष्म ऋण, छात्रवृत्ति आदि उपलब्ध कराएगा।

जैन समाज के नागरिकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके, इसके लिए जिले की सभी संबंधित सरकारी एजेंसियों को जैन बंधुओं से चर्चा कर उन्हें विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने तथा जिला स्तरीय तथा तालुका स्तरीय न्याय एवं शांति समितियों में जैन समाज के प्रतिनिधियों को सदस्य के रूप में शामिल करने के निर्देश दिए गए हैं।

समीक्षा बैठक में माननीय ललितजी गांधी उपस्थित थे। समाज के लिए अध्यक्ष का विजन बहुत ही स्पष्ट, सक्षम, पारदर्शी और सबको साथ लेकर आगे बढ़ने का है। अध्यक्ष ने अल्पसंख्यक निगम के पास जिन-जिन विभागों में विशेष प्रावधान हैं, उन सभी की विस्तृत जानकारी ली और साथ ही इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को समझाया।

पहली बार सरकारी स्तर पर हमारे समाज की आवाज को महसूस किया गया। कुल मिलाकर बैठक बहुत ही प्रभावी रही और यह विश्वास दिलाया गया कि अल्पसंख्यक निगम समाज के लिए बहुत ही बहुमूल्य कार्य करेगा। ललित भाई से मुलाकात कर उनसे ग्रामीण क्षेत्रों में समाज की समस्याओं और सवालों पर चर्चा करते हुए बातचीत की। साथ ही भारतीय जैन संगठन के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष केतनभाई शाह, भारतवर्षीय दिगंबर जैन तीर्थ क्षेत्र समिति के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष मिहिरभाई गांधी, कल्पेश मालू, गौतम संचेती, एडवोकेट. साधनाताई सांगवे, संजीव पाटिल, राहुल शाह, शाम पाटिल, सरपंच वीरकुमारभाई दोशी, मनीष शाह, नमन गांधी, योगेश गांधी, वीरेंद्र डोभाडा, डॉ. सिद्धांत गांधी, देशभूषण रणदिवे, शीतल गांधी, प्रदीप झाडे, सम्मेद शाह, रत्नकुमार फाडे, डॉ. जिनेंद्र डोभाडा, रवींद्र गांधी, प्रवीण बलदोटा और भारतीय जैन संघ, श्री सन्मति सेवा दल, जैन मंदिर के पदाधिकारी और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## हूमड़ मित्रमंडल द्वारा नंदीश्वर द्वीप पंचकल्याणक के पात्रों का बहुमान



**मंदसौर।** हूमड़ मित्र मंडल बडीजी बाग मन्दसौर द्वारा नव निर्मित नंदीश्वर द्विप जिनालय के पंच कल्याणक महोत्सव के अवसर पर हूमड़ समाज के डा विरेन्द्र कुमार मधु गांधी हंसमुख लाल विमला सेठ रंगीला के भगवान के माता-पिता बनने अरविंद ममता मेहता के धनपति कुबेर इन्द्र बनने जितेन्द्र हेमलता दोशी के प्राणत इन्द्र बनने पर बहुमान कर अनुमोदना की गई।

मित्रमंडल के सुरेश मिंडा, विनोद मिंडा, सुशील कियावत, कांतिलाल मिंडा, शशि मिंडा, संजय दोशी, नरेश मिंडा, निलेश डोडु, माया गांधी, नीतू बक्षी, संजय मिंडा एवं समाज के वरिष्ठ जन विनोद मेहता, प्रकाश मिंडा, अशोक मेहता, विक्रम दोशी, विजय गांधी, शैलेश पंचोली, विधुत मेहता, अनिता मिंडा, राजबाला कियावत, जागृति मेहता, विजय लक्ष्मी मिंडा, मितेश दोशी, क्षमा दोशी आदि अनेक सदस्यों द्वारा इन्द्रों का तिलक लगाकर मुकुट एवं माला पहनाकर स्वागत एवं बहुमान करते हुए अनुमोदना की गई। इन्द्रों की और से अरविंद मेहता ने मित्र मंडल को धन्यवाद दिया कार्यक्रम का संचालन नीतु बक्षी एवं संजय मिंडा ने किया आभार विनोद मिंडा अध्यक्ष ने माना।

## उत्सव जैन को मिला पर्यावरण रक्षक सम्मान

**बांसवाड़ा।** सत्य इन्दिरा फाउंडेशन के कवि उत्सव जैन को पानी बचाओ,



तालाब निर्माण, जनचेतना के लिए पर्यावरण रक्षक सम्मान देकर सम्मानित किया। फाउंडेशन के अध्यक्ष सुनीता सारस्वत ने बताया कि वर्तमान में जल संकट पर कवि उत्सव जैन ने जनचेतना से पर्यावरण संरक्षण में अहम भूमिका निभाई।



## जैन मंदिर में ध्वजा परिवर्तन

**ओड़ा।** फेडरेशन ऑफ हूमड जैन समाज राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य वीरेंद्र जी धनावत द्वारा जैन मंदिर ओड़ा में ध्वजा परिवर्तन किया गया।



## समाज के वरिष्ठ जन यूरोप टूर पर, लंदन में जैन मंदिर के दर्शन

**सागवाड़ा।** लंदन के जैन जिनालय दर्शन एवम देश की गुलामी के समय अंग्रेज़ों द्वारा सोने कि चिड़िया को लूट कर हमारी धरोहर को लंदन ले जा कर वहाँ के भव्य म्यूजियम में सजा कर रखा गया हे, जिसमें जैन तीर्थंकर पार्श्वनाथ भगवान आदिनाथ भगवान क्षेत्रपाल जी की मन मोहक प्रतिमाओ के दर्शन का लाभ मिला। हमारे समाज के अध्यक्ष दिनेश जी खोड़निया, परम संरक्षक मोहनलाल जी पिंडरमिया, महासचिव अशोक जी सुमतिलाल जी सरिया, ट्रस्टी संतोष जी खोड़निया, रिनेश जी कोठारी, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सीए निलेश जी संघवी, महिला महासभा अध्यक्ष साधना जी कोठारी, परम गुरु भक्त अनिल जी जैन तलवाड़ा, सुरेंद्र जी शाह, गजेन्द्र जी गोवड़िया, आंतरी शिक्षण प्रबंधन के देवेंद्र जी जैन, धनपाल जी जैन, हेमंत जी जैन, नरेश जी भंडारी, उमेश जी जैन, तलवाड़ा सपरिवार 16 दिन की लंदन फ्रांस स्विट्जरलैंड आस्ट्रिया देश के भ्रमण हेतु गए थे।



## कोई बैंड-बाजा नहीं, अनोखे अंदाज में मनाया जन्मदिन!

**मुंबई।** जब किसी का जन्मदिन मनाया जाता है, तो गाजाबाजा, बैनर, मालाएं और शुभकामनाओं की बौछार होती है। इन सबके अलावा, मुंबई के श्री सन्मति सेवा दल के कार्यकर्ता और सी.आर. पाटिल (मांगीतुंगी में 108 फुट ऊंची आदिनाथ भगवान की मूर्ति के इंजीनियर) के बेटे श्री सन्मति चंद्रकांत पाटिल, मुंबई उन्होंने अपने जन्मदिन को अनोखे अंदाज में मनाकर एक आदर्श स्थापित किया है। उन्होंने अपने जन्मदाता माता-पिता के चरणों की पूजा करके अपना जन्मदिन मनाया। उन्होंने एक अलग आदर्श स्थापित किया है, जिसके कारण उनकी हर जगह सराहना हो रही है।

## 21 गांव में एक साथ हुआ श्रमण संस्कृति संस्कार शिविर




**परतापुर।** वागड़ क्षेत्र के 21 गांवों में आयोजित श्रमण संस्कृति संस्कार शिविर का प्रारंभ एवं सामूहिक उद्घाटन समारोह 29 मई को श्री नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर परतापुर में हुआ था। आयोजन की युवा मंडल द्वारा सभी तैयारियां की थीं।

शिविर प्रभारी ने बताया हूमड़ युवा महासभा एवं श्री दिगंबर जैन संस्कृति श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में वागड़ के 21 मंदिरों में एक साथ श्रमण संस्कृति संस्कार शिविर का आयोजन हुआ। इसमें प्रातःकालीन बेला में अभिषेक शांतिधारा के बाद भव्य शिविर का उद्घाटन समारोह सम्पन्न हुआ। शिविर में श्रमण संस्कृति संस्थान के प्रशिक्षित योग्य विद्वानों द्वारा 10 दिन तक सुबह-शाम बाल बोध, रतनकरण श्रावकाचार, तत्वार्थसूत्र, भक्तामर स्तोत्र आदि अनेक ग्रंथों का स्वाध्याय करवाया जाता था।

प्रतिदिन सायंकालीन बेला में आरती भक्ति प्रवचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाता था। इस शिविर का उद्देश्य बच्चों में नैतिक मूल्य के साथ-साथ धार्मिक संस्कार प्रदान करना था। उल्लेखनीय है कि संपूर्ण वागड़ में आयोजित हुए इस शिविर में परम पूज्य आचार्य विद्यासागर, समय सागर, सुनील सागर, सुंदरसागर, वर्धमान सागर सहित अनेक आचार्यों के आशीर्वाद एवं परमपूज्य निर्यापक भ्रमण सुधासागर महामंगल प्रेरणा से संचालित किए गए थे।



## संस्कार व धर्म के महत्व से कराया अवगत

**नौगामा।** दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्था द्वारा आयोजित श्रमण संस्कृति शिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान मुनि शुद्धसागर, मुनि श्रीय सागर, मुनि श्रम सागर एवं क्षुल्लकजी के सानिध्य में जीवन में संस्कारों और धर्म के महत्व से अवगत कराया गया। शिविर में प्रतिदिन प्रातः अभिषेक, पूजन व बच्चों के लिए नैतिक शिक्षा से युक्त कक्षाएं संचालित हुईं। संध्याकाल में सामयिक पाठ एवं ग्रंथराज रत्नकरण्डक श्रावकाचार की कक्षा में बड़ी संख्या में शिविरार्थियों ने भाग लिया। शिविर के समापन पर भक्तामर, रत्नकरण्डक श्रावकाचार के दो भागों की परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

**चलो गिरनार...**

**नेमिनाथ हम आएंगे, लाडू वहीं चढ़ाएंगे**

# प्रतापगढ़ में शशि बंडी अध्यक्ष, संगीता जैन सचिव और कुमकुम सरिया सांस्कृतिक मंत्री मनोनीत



**प्रतापगढ़।** दिगंबर जैन समाज मुनि सेवा समिति के महिला मंडल कार्यकारिणी का गठन गुरुवार शाम ऋषभदेव मंदिर के नरसिंहपुरा मांगलिक भवन में दिगंबर जैन समाज के संरक्षक मंडल व मुनि सेवा कमेटी के पदाधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। मुनि सेवा कमेटी के प्रवक्ता अंकित जैन ने बताया कि मुनि सेवा समिति महिला मंडल पदाधिकारियों का गठन नरसिंहपुरा मागंलिक भवन में समाज के सभी मंदिरों के पदाधिकारी एवं सभी मंदिरों की महिला मंडल सदस्यों की उपस्थिति में कमेटी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। गठन में सभी पदों के लिए कई नाम आए, लेकिन सर्वसम्मति से महिला मंडल अध्यक्ष पद पर शशि बंडी जूना मंदिर को मनोनीत किया गया। सचिव पद संगीता जैन आयुष आर्किटेक्ट ऋषभदेवजी मंदिर को सर्वसम्मति से घोषणा की गई। उपाध्यक्ष के चार पद पर मंजू दोषी जूना मंदिर, अमिता विपिन मेडिकल ऋषभदेव मंदिर, अनुप्रिया डोडू नया मंदिर, हर्षिता डागरिया भाई जी का मंदिर को मनोनीत किया गया। सांस्कृति मंत्री पद पर कुमकुम सरिया तथा सांस्कृतिक सहमंत्री स्वाति जुआ भाई जी का मंदिर, सोनियाडोडू नया मंदिर, निशिता जैन ऋषभदेव जी मंदिर तथा संरक्षक मंडल में सरोज दिलीप दोशी, वंदना डोटिया, आशा वीरेन्द्रजैन, फूल कंवर खापरा को सर्वसम्मति से गठन किया गया।

सकल दिगंबर जैन समाज के सभी मंदिरों से सभी महिला मंडल की महिलाएं उपस्थित रहीं। बैठक में मुनि सेवा कमेटी के पदाधिकारी एवं सभी मंदिरों के संरक्षक मंडल के सदस्य मौजूद रहीं। महिला कार्यकारिणी गठन के बाद चातुर्मास की तैयारी को लेकर चर्चा की गई।

## चलो गिरनार : राजावत परिवार द्वारा रियायती शुल्क पर यात्रा

नेमीनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक पर तीर्थ क्षेत्र गिरनारजी पर निर्वाण लाडू चढ़ाने हेतु इन्दौर से यात्रा 30 जून रात्रि बस द्वारा जा कर 3 जुलाई को वापस आयेगी। मात्र रू 1100 प्रति व्यक्ति में 3 दिवसीय यात्रा हेतु सतीश राजावत (ओसवाल माल) मो नंबर 98260 72909 पर सम्पर्क कर सकते है.



## बकरी ईद पर डॉ. कल्याण गंगवाल पुणे द्वारा मुस्लिम भाईयों को अहिंसा पथ पर लाने का सार्थक प्रयास

**पुणे।** बकरी ईद का दिन हम अहिंसा प्रेमी लोगो को खुशी मनाने का दिन रहा। 81 (ईक्यासी) मुस्लिम भाईयो नें आपके अथक प्रयास के फल स्वरूप 'बकरी ईद' के दिन बकरी नहीं काटी। प्राणियों का खून बहाने के बजाय खुद रक्त- दान करके दूसरो की जान बचाने का पवित्र कार्य किया। इस संकल्प को पुरा कराने में अंजुमने इस्लामिक वेजीटेरियन सोसाइटी ने अहम् भूमिका निभायी थी। इस सोसाइटी नें डॉ.कल्याणजी की प्रेरणा से मुस्लिम पेशंट लोगो ने बनायी है। इन सभी लोगो ने 'शाकाहार और व्यसनमुक्त' रहने का संकल्प लिया है। ईन सभी लोगो की मेडिकल ट्रीटमेंट की ज़िम्मेवारी कल्याणजी खुद उठाते है। इन 81 लोगोने अलग अलग ब्लड बैंक में जाकर रक्त दान किया। इन सभी भाईयों कों उनके पवित्र कार्य के लिए गंगवाल परिवार की ओर से भेट दी गई। सभी मुस्लिम भाई ने यह विश्वास जताया की अगले साल बकरी ईद पे कुर्बानी न देनेवालों की संख्या तीन सो से ज़्यादा होगी। आपका कहना है बदलाव ला सकते है यदि हम तन. मन.धन से ईस पुरुषार्थी अहिंसा कार्य में जुड़ जाये।

# रेत की तरह बिखरते रिश्ते

रिश्ते जीवन में अहम् स्थान रखते है। जीवन में जो प्यार सम्मान, स्नेह, अधिकार की बात होती है उसका आधार रिश्ते होते है। रिश्तो से जीवन जुड़ा हुवा , बंधा हुवा रहता है परन्तु आज 21 वी शताब्दी में रिश्तो को किसकी नजर लग गई है समझ में नहीं आता।

अभी अभी दो चार महीनो में मरे आस पास ऐसी घटनाये घटित हुई जिन्होंने मुझे अंदर तक झकझोर कर रख दिया। कुछ समय तक तो यही अवधारणा थी की लड़के पक्ष वाले निर्दयी होते है और बहुओ को दुःख देते है , या लड़का गलत रास्ते पर है , इस कारण पत्नी परेशांन है जिससे तलाक लेन की नौबत आ गई। पर अब परिदृश्य पूरा बदलता दिख रहा है। स्त्री सशक्तिकरण का हथियार अब महिलाये अपने पति या उसके परिवार को प्रताड़ित करने के रूप में उपयोग करने लग गई है। पति उनेक परिवार पर जितने चाहे जूते केस लगाकर अपनी स्वयं की जिंदगी और परिवार की जिंदगी को नरक क्यों करना चाहती है। एक लड़की से मैंने पूछा तुम तलाक क्यों लेना चाहती हो ? तुम्हारा इतना सुन्दर बच्चा है , उसकी जिंदगी के बारे में क्यों नहीं सोचती हो ? तब वो तुरंत बोली मरे पति से मैंने कहा बच्चे के लिए दयोपेर ला दो , वह समय पर नहीं लेकर आया। बच्चे को समय पर तैयार नहीं करता , होटल गए तो मेरी पसंद का मेनू आर्डर नहीं किया। वह लड़की स्वयं अच्छी पोस्ट पर कार्यरत है , उसकी आय भी लाखो में है फिर भी सभी खर्चा पति ही उठाएगा। ऐसे केस 1 -2 नहीं 5 - 6 मुझे देखने को आये। किसी भी केस में कोई ठोस कारण सामने नहीं आया जिसके कारण हसते खेलते परिवार को दाव पर लगा दिया जाये।

इसे काल का विधान कहे , प्रकृति की विकृति कहे या फिर समय का फेर , जीवन के हर क्षेत्र में प्रदुषण बढ़ने के साथ साथ इंसान के रिश्तो पर भी प्रदुषण की बाढ़ सी आना प्रारम्भ हो गई है। जिसमे विकृतियों को उफान, गंदगी, मटमैलापन, उथलापन तो दीखता ही है लेकिन आत्मीयता, स्वछता, पारदर्शिता, धीरता, निर्मलता दिखाई नहीं देती। आज पति पत्नी के आत्मिक रिश्ते स्वार्थ की आग में झुलस रहे है सामाजिक संबधो से जुड़े सरोकार लगातार धवस्त हो रहे है। रिश्तो में आज खालीपन व् एकाकीपन है और यह रिक्तता जीवन में कई तरह की विसंगतियों को जन्म दे रही है। आपसी रिश्तो में बढ़ती संवादहीनता, मूल्यों का हाश, बढ़ता उन्मुक्त जीवन, संस्कारो की कमी पारिवारिक रिश्तो में बढ़ता अलगाव, संवेदनाओ का आभाव, भौतिक चकाचोंध, पूंजी का विस्तार, बाजार की आक्रामकता , सोशल मीडिया और यूट्यूब पर बढ़ते अनैतिक रील के चलन ने भावनात्मक रिश्तो और वफादारियों में सेंध लगा दी है।

इस तरह कई कारण है जो रिश्तो के धरातल में आये इस भूकंप को और उसमे दरकते आधारों को बया करते है। पति पत्नी यह सोचते है की तलाक लेकर हम जीत जायेंगे। तो यह धरना पूर्णतया गलत है , न ही पति जीतेगा या ही पत्नी जीतेगी, जीतेगा तो वो वकील जो पति पत्नी दोनों को तारीख पर तारीख दिवाकर कोर्ट में केस आगे बढ़ा रहा है, वो विजयी होगा और पति पत्नी दोनों हार जायेंगे, परिवार की पारिवारिकता चीन जाएगी , समाज में सामाजिक भाव बिदा हो जायेंगे , मानव की मानवीयता छीन जाएगी , मनुष्य होने के अहसास खो जायेगा....क्या हम सार्थक कदम उठा नहीं सकते।

**-कौशल्या पतंग्या**



हूमड़ समाज की पिकनिक पार्टी भारत में ही नहीं विदेशों में भी मनाई जाती है। हाल ही में सेनफ्रांसिस्को में श्वेता बंडी, वर्षा गांधी, संजय बंडी, अंकिता बंडी, क्लासिका जैन, रितु शाह, शिखा जैन के सार्थक प्रयासों के फलस्वरूप यह पिकनिक पार्टी मनाई गई।



**विश्व पर्यावरण दिवस पर हूमड़ समाज उज्जैन द्वारा संस्कारों के साथ पर्यावरण की संरक्षण करने के उद्देश्य से श्री शांतिनाथ जैन मंदिर में शिविर के बच्चों द्वारा वृक्षारोपण किया गया।**

## हुमड़ समाज के कलमकारो का हम स्वागत करते है

**इंदौर।** आप सभी जानते है की हुमड़ समाज का मासिक समाचार पत्र हुमड़ वाणी का प्रकाशन वर्ष 2024 से हो रहा है, प्रति माह आपको वाट्सॅअप के माध्यम से इस समाचार-पत्र को भेजा जा रहा है। पुरे भारत के हुमड़ समाज तक आपके क्षेत्र की बात, बच्चो की उपलब्धि, संसथान की उपलब्धि, आपके सुझाव को सभी को अवगत कराने हेतू। आप आगे आये। हम चाहते है की हुमड़ समाज के कलमकारो की रचना , समाचारो को प्रकाशित कर हम सभी हुमड़ वाणी समाचार पत्र को आगे ले जाने में अपनी सहभागिता निभाये। आगामी अंक के प्रकाशन में हम आपके बच्चो के जन्मदिवस एवं हुमड़ परिवार के सदस्यों के पुण्यस्मरण पर उनकी यादों चिरस्थाई बनी रहे इस हेतु विज्ञापन प्रकाशित करने की शुरुआत करना चाहते है, आपके द्वारा प्राप्त विज्ञापन सहयोग राशि के एक भाग जिव दया के क्षेत्र में खर्च किया जायेगा। आप हमे ईमेल humadwani2024@gmail.com पर भेज सकते है या व्हॉटसअप करें : यशपाल जुवा (संपादक) 9826097101



## सुधा जैन को गोल्ड मेडल

**उदयपुर।** जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ उदयपुर द्वारा आयोजित 20वे दीक्षांत समारोह में माननीय केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत द्वारा सुधा जैन को वर्ष 2024 में MA योगा में यूनिवर्सिटी टॉपर रहने पर गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। सुधा जैन इसी विश्वविद्यालय से योग में पीएचडी भी कर रही है एवं वर्तमान में उदयपुर में वैदिक योग केंद्र नाम से योगा सेंटर भी संचालित कर रही है।

# श्री नेमि गिरनार पदयात्रियों का अभूतपूर्व स्वागत




श्री बंडी लालजी दिगंबर जैन कारखाना, श्री गिरनारजी के तत्वावधान में आयोजित श्री नेमि गिरनार पदयात्रियों का अभूतपूर्व स्वागत राजबाड़ा पर लगाए गए मंच से किया गया। प्रातः 07.30 बजे से ही मंच पर हूमड जैन समाज महिला पुरुष सदस्यों का बड़ी संख्या में आगमन प्रारम्भ हो गया था और यात्रा के आने के समय तक बड़ी संख्या में समाजजनों ने एकत्र होकर दिल्ली से आ रहे पद यात्री श्री संजय जी जैन के नेतृत्व में अन्य पदयात्रियों को मोती की माला पहनाकर स्वागत एवं अभिनन्दन किया, साथ ही यात्रियों को अपने लक्ष्य प्राप्ति हेतु हार्दिक शुभकामनाएं भी व्यक्त की। यात्रा का दृश्य अभूतपूर्व था। 2200 फीट की जैन ध्वजा दिल्ली के बाद इंदौर में ससम्मान पदयात्रियों द्वारा खोली गई।

उल्लेखनीय है कि श्री नेमि गिरनार पदयात्रा प्रातः 08.00 बजे रीगल तिराहे से रवाना होकर महात्मा गाँधी मार्ग पर विभिन्न स्वागत मंचों के मध्य से चलते हुए मोदी जी नसिया पर एक धर्मसभा में परिवर्तित हुई एवं सकल दिगंबर जैन समाज के हजारों श्रद्धालुओं ने इस पदयात्रा में सम्मिलित होकर पदयात्रियों का बहुमान किया एवं गिरनार पर्वत के प्रति अपनी असीम श्रद्धा का परिचय दिया।

राजबाड़ा पर लगाए गए मंच के माध्यम से हूमड़जनों ने श्री गिरनार पर्वत के प्रति जो अपनी श्रद्धा प्रकट की है। पदयात्रियों के स्वागत हेतु श्री हूमड़ जैन समाज ट्रस्ट, फेडरेशन ऑफ हूमड़ समाज, हूमड़ महिला परिषद, हूमड़ सोशल ग्रुप, हूमड़ युवा मंच एवं हूमड़ सहकारी साख संस्था के पदाधिकारी व सदस्यगणों की उपस्थिति सराहनीय थी।



## आदर्श चक्रवर्ती विवाह

**भवानीमंडी।** सुश्रावक श्रीमान आलोक जैन एवम् श्रीमती वर्षा जैन (आदिश मेडिकल भवानी मंडी) के सुपुत्र आदिश जैन का विवाह कविता जैन दरोला (नलखेड़ा) के संग पूर्ण जैन चक्रवर्ती पद्वति से श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर नसिया जी रामगंज मंडी में सम्पन्न हुआ। आधुनिकता की दौड़ में यह विवाह शालीनता से पर्यावरण और धर्म की मर्यादा का पालन करते हुए एक आदर्श प्रस्तुत करता है। विवाह समारोह जैन परिसर में जिनेन्द्र देव को साक्षी रख संपन्न हुआ, दूल्हा दुल्हन सहित सभी ने हस्त करघा वस्त्र धारण किए। विवाह के दिन दूल्हा दुल्हन ने एकासन व्रत का पालन किया। रात्रि भोजन निषेद्य रखा गया,जमीकंद का उपयोग नहीं किया। हिंसा वाली एंट्री नहीं की गई, कार्यक्रम घास पर नहीं किया गया। आतिशबाजी का उपयोग नहीं किया गया। भोजन में लिमिटेड भारतीय व्यंजन रखे गए (चायनीस इटालियन नहीं) एवम् जीवदया, गौशाला आदि के लिए दान राशि दी गई। प्री वेडिंग शूट नहीं किया गया। विवाह उपरांत दूल्हा दुल्हन ने माता-पिता के साथ तीन दिनों तक तीर्थ वंदना कर संतो का आशीर्वाद प्राप्त किया।

### गर्भ संस्कार शिविर

## 'सुधार बीज में होता है वृक्ष में नहीं'

फेडरेशन ऑफ हूमड़ जैन समाज राष्ट्रीय कार्यकारिणी महिला प्रकोष्ठ के सानिध्य में गर्भवती महिलाओं के लिए गर्भ संस्कार शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मार्गदर्शिका डॉ. ज्योति गांधी ने बेबी प्लानिंग स लेकर डिलीव्हरी तक के सुहाने सफर के बारे में विस्तृत मार्गदर्शन दिया। श्रीमती गांधी ने बताया, गर्भ संस्कार आचरण के पालन से शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, बौद्धिक, नैतिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक विकास कर सकते हैं। आपने मंत्रों के द्वारा, धार्मिक कहानियों द्वारा, ध्यान के द्वारा, सकारात्मक सोच के द्वारा गर्भ संस्कार का तरीका बताया। कहते हैं सुधार बीज में हो सकता है, वृक्ष में नहीं, ठीक इसी तरह संस्कार गर्भ में ही दिए जा सकते हैं, बड़े बच्चों में नहीं। कार्यक्रम का प्रारंभ महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय प्रभारी कौशल्या पतंग्या के स्वागत उद्बोधन से हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विपिन जी गांधी, राष्ट्रीय महामंत्री श्री महेन्द्र जी बंडी ने भी कार्यशाला को संबोधित किया। पांचों प्रोविन्स के चेयरमैन श्रीमती लता घीवाला, श्रीमती मधु कोठारी, श्रीमती तनुजा शाह, श्रीमती अनिता मेहता ने भी भाग लिया। 44 महिलाओं ने शिविर का लाभ उठाया। आभार श्रीमती कौशल्या पतंग्या ने व्यक्त किया।



**हूमड़ गौरव :** अंतराष्ट्रीय ख्याती प्राप्त पत्रिका फॉर्ब्स द्वारा भारत में AI (आर्टिफिशल इंटेलिजेंस) क्षेत्र में 30 श्रेष्ठ प्रतिभाओं का चयन किया गया , जिसमें मुम्बई निवासी श्री मानमल जी खापरा के सुपुत्र श्री मितेष खापरा ( प्रोफेसर आई आई टी, चेन्नई) को रिसर्च क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्य के लिये आवार्ड दे कर सम्मानित किया गया। यह सम्पूर्ण हूमड़ समाज के लिये अत्यंत गौरव की बात है एव समाज के युवा वर्ग के लिए प्रेरणादायी है।



## भीषण गर्मी में आर्यिका विज्ञान मति माताजी संसंघ द्वारा मौन साधना, उपवास एवं विहारः ऐसे संतो को सादर नमन

**डडुका।** नौ तपा की भीषण गर्मी, उमस ओर लू चलने का दौर, ऐसे में जैन साध्वी आर्यिका मां विज्ञान मति का संसंघ वरदा राजस्थान से विहार कर पुनर्वास कॉलोनी सागवाड़ा आना ओर वहां से विहार कर परतापुर में आयोज्य शिक्षण संस्कार शिविर की ओर बढ़ते कदम। ऐसा मौसम, नंगे पांव तपते डामर पर चलना, दिन में एक बार भोजन, एक ही बार पानी, एक ही वस्त्र पहनना ये काफी मुश्किल है, असंभव मगर इसे संभव कर रहे हैं हमारे जैन संत। ऐसे संतो को नमन करने ओर उनके विहार में सम्मिलित होने का सौभाग्य मिला अजीत कोठिया, प्रदीप सेठ, रीतेश शाह, वीरेंद्र एस शाह एवं रॉकी गांधी माताजी के दर्शन करने ओर श्रीफल भेंट करने डडूका से पुनर्वास कॉलोनी सागवाड़ा पहुंचे। 1008श्री विमल नाथ जिनालय में विराजित विज्ञान मति माताजी संसंघ के दर्शन कर जीवन धन्य हो गया। भगवान शांतिनाथ के जन्म, तप, मोक्ष कल्याणक का



दिन, सोमवार, 26 मई, चतुर्दशी तिथि होने से माताजी का उपवास ओर मौन साधना, अब उनके दर्शन तो मिले, आशीर्वाद भी पर बात नहीं हो सकी। काश ऐसी साध्वी तपस्वी, विदुषी माताजी के चातुर्मास का सौभाग्य किसे मिलेगा, सभी प्रयत्नशील हैं इसके लिए। डडूका में जीवन काल में विगत 90वर्षों में किसी भी जैन मुनि या माताजी का चातुर्मास नहीं हुआ है। सभी की यह हार्दिक इच्छा है की जैन समाज डडूका को इस वर्ष विज्ञान मति माताजी या उनके संघ की किन्हीं साध्वियों के चार्तुमास का सौभाग्य मिले। युवाओं और पंचों की टीमें रोजाना माताजी के विहार में सम्मिलित हो रही हैं।

अंकित शाह और समाज के सभी युवा रोजाना इस काम में लगे हैं। समाज अध्यक्ष राजेश शाह के प्रयास इस दिशा में जारी है ओर सभी को आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है की इस बार डडूका मे किसी न किसी माताजी का चौमासा होगा। उम्मीद पर दुनिया चलती है, उम्मीद और प्रयास अवश्य साकार होने वाले हैं ऐसी पूरे जैन समाज डडूका को आशा है।

## स्वस्तिधाम जहाजपुर में स्मार्ट गर्ल कार्यशाला का आयोजन

**जहाजपुर।** स्वस्तिधाम जहाज़पुर के सहयोग एवम् परम पूज्य स्वस्तिभूषण माताजी के आशीर्वाद से 300 जैन लड़कियों की स्मार्ट गर्ल कार्यशाला का आयोजन जहाजपुर तीर्थ राजस्थान पर किया गया, कार्यशाला में BJS पूना के ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया गया, स्वस्तिधाम द्वारा सभी बेटियों को निःशुल्क शानदार किट, स्मार्ट गर्ल टी शर्ट, दो दिवसीय आवास एवम् भोजन की व्यवस्था भी निःशुल्क की गई। कार्यशाला के पश्चात स्वस्तिधाम द्वारा सभी बेटियों को स्मार्ट गर्ल का शानदार सर्टिफ़िकेट दिया गया। संपूर्ण कार्यक्रम का संयोजन मुख्य संयोजक श्री हसमुख जी गांधी, संयोजक श्री शरद जी पानोत एवम् स्वस्तिधाम मंत्री श्री ज्ञानेन्द्रजी जैन द्वारा किया गया इस अवसर पर BJS राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नंदकिशोर जी साँखला द्वारा स्मार्ट गर्ल के नये लोगो का अनावरण किया गया



संपादक-श्री यशपाल जुवां-9826097101, email : humadwani2024@gmail.com प्रकाशक एवं मुद्रक श्री महेन्द्र बंडी (राष्ट्रीय महामंत्री) 9827255910 सन्मति 29/3, स्नेहलतागंज, इंदौर (म.प्र.), फेडरेशन ऑफ हुमड़ जैन समाज, पंजीकृत कार्यालय-9, सिंदुर कॉ.-ऑप., हाउसिंग सोसायटी, ईश्वर भवन के पास, नवरंगपुरा, अहमदाबाद (गुजरात) 380014-अहमदाबाद-से मुद्रित एवं प्रकाशित।